राष्ट्रीय एकीकरण शिविर 202

दिनांक 23 दिसम्बर 2021

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वंय सेविका तन्वी शर्मा ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लिया. कार्यक्रम अधिकारी प्रो रीना चौहान एवं प्रो रिंकू अग्रवाल ने बताया कि ये शिविर 16 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2021 तक आयोजित हुआ जिसमें पूरे देश के एन एस एस के स्वंयसेवकों ने भाग लिया. हिमाचल प्रदेश से कुल 4 स्वंयसेवियों का चयन इस शिविर के लिए हुआ था जिसमें राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब भी शामिल था. प्राचार्या डॉ वीणा राठौर ने इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय स्टाफ एवं कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वंय सेविका तन्वी शर्मा को बधाई दी. तन्वी शर्मा ने बताया की शिविर में उन्हें हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधीत्व करने का अवसर मिला, उन्होंने हिमाचली परिधान, पकवान एवं नृत्य शैली को शिविर में दर्शाया . उन्हें अन्य कृतसंकल्पित स्वयसेवकों से मिलने का मौका मिला और अपने विज़न को एक नयी दिशा देने का अवसर मिला जिसके लिए उन्होंने अपने माता पिता, प्राचार्या डॉ वीणा राठौर एवं प्रोग्राम ऑफिसर प्रो रीना चौहान एवं प्रो रिंकू अग्रवाल को पूरा श्रेय दिया.

प्राचार्या

NATIONAL INTEGRATION
December 16-22, 2021
Azadi Ka Amrit Mahots

Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar
NATIONAL SERVICE SCHEME
NATIONAL INTEGRATION CAMP